# होलिका दहन के बाद आज उड़ेगा रंग गुलाल



**गाडरवारा, देशबन्धु।** होलिका दहन रविवार को शुभ मुहूर्त में किया गया। शहरभर में होलिका दहन समितियों ने व्यापक व्यवस्था की थी शहर में छोटे-बड़े होली मिलाकर करीब आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर होलिका का दहन किया गया। प्रमुख रूप से शहर में 10 से ज्यादा स्थानों पर बड़ी समितियों द्वारा होली दहन किया गया। जानकारी के मुताबिक इस बार लकड़ी की होली के साथ बड़े पैमाने में कंडे की होली बनाई गई थी। साथ ही होलिका की प्रतिमा बैठाई गई थी। गुरुवार की शाम से इन होलिकाओं का दहन होने लग गया था।

होली में बाजार की रंगत भी देखते ही बन रही है। लाल, गुलाबी, पीली, हरी, सफेद समेत अन्य रंगों की दुकान सजी हुई है।

**जगह-जगह गूंजने लगी नगाड़ों की थाप -** शहर में जगह-जगह होली के नगाड़ों की थाप के साथ ही फाग गीतों से होली का सुमधुर संदेश मिलने लगा है। वहीं होली की मस्ती के साथ ही रंग-गुलाल की भी वर्षा होने लगी है। एक से बढ़कर एक फाग गीतों के साथ देर रात तक होली की उमंग और मस्ती का रंग भी गहरा होता जा रहा है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और कालोनियों में नगाड़ों की थाप और फाग गीत पर्व की खुशियों को दोगुना कर रहे हैं।



## बन रहे पारंपरिक पकवान

होली के लिए घरों में पारंपरिक पकवान भी बनने लगे हैं। इसमें विशेष रूप से गुझिया, अनरसा, सलौनी समेत विभिन्न प्रकार के नमकीन और मीठे पकवान शामिल हैं। वहीं बाजार में भी गुझिया व स्पेशल बर्फी की मांग बनी हुई है। होली स्पेशल कुल्फी व ठंडाई भी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही काजू, अंजीर, खजूर, पेड़ा व चाकलेट बर्फी, खोवा व छेने के साथ ही बेसन व मैदे के नमकीन की भी खरीदारी की जा रही है। होली के पारंपरिक पकवान बाजार में मिलने से कामकाजी महिलाओं को भी सुविधा हो गई है।

## जगह-जगह दिखा उत्साह

होली के अवसर पर जगह-जगह थीम पार्टी होगी। इसके लिए लोग भी विशेष तैयारियां कर रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों और होली थीम के आधार पर सजावट करवा रहे हैं। इसके साथ ही होली में टीवी और फिल्मों के प्रभाव की वजह से सफेद रंग के परिधानों की मांग भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए शहर में विशेष रूप से होली के परिधान मिल रहे हैं। जिसे शहरवासी अपनी होली को यादगार बनाने के लिए खरीद रहे हैं।



## रंगने को पिचकारियां तैयार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रंगों का भरा त्यौहार धुरेड़ी आज है और आज जिले की फिजा में रंग गुलाल उड़ता नजर आयेगा। इसके पूर्व गली मोहल्लों में सजी रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकानों में जमकर ग्राहकों की उपस्थिति दर्ज की गई।

बच्चों के लिए कार्टून समेत फिल्मी कैरेक्टरों से सजी पिचकारियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वहीं धुरेड़ी के पूर्व बाजार में खोबे और मिठाईयों की भारी मांग देखी गई। रंग गुलाल समेत मिठाईयों के दाम भी बीते साल की अपेक्षा काफी बढ़े हुये हैं। फिर भी आमजनों के उत्साह के आगे मंहगाई हावी होती दिखाई नहीं दे रही है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से प्रशासन भी पूरी तरह चौकस है। वैसे भी जिले का इतिहास शांतिपूर्वक होली मनाने का रहा है। फिर भी प्रशासन अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। इसके अलावा जिले में धुरेड़ी का त्यौहार परंपरागत तरीके से मनाया जाता है।

रंग गुलाल खेलने में पहले लोग ऐसे घरों में जाते हैं जहां शोक का अवसर होता है।

## सार-समाचार

### सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति की बैठक आयोजित



**छपारा, देशबन्धु ।** नगर के शिव गौरी मंगल भवन में अवधिया समाज की बैठक समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में संपन्न हुई । जिसमें पिछले वर्ष हुए सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह में हुए आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया एवं कार्यक्रम की समीक्षा की गई। साथ ही 8 जून से 10 जून 2025 तक होने वाले त्रि दिवसीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैनगंगा तट पर निर्माणाधीन सत्संग भवन के लिए उपस्थित जनों से आर्थिक सहयोग की बात रखी गई, ताकि सत्संग भवन शीघ्र ही पूर्ण हो सके और आगामी कार्यक्रम नए भवन में संपन्न हो सके। सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार अवधिया वरिष्ठ अधिवक्ता सिवनी एवं समिति के कोषाध्यक्ष श्री श्रीचंद अवधिया द्वारा समाज में हो रही खर्चीली शादियों पर दिए गए सुझावों पर आम सहमति बनी जिसके अनुसार अब समाज में हो रही प्री वेडिंग फोटोग्राफी एवं प्री वेडिंग शॉपिंग पूर्णतः बंद रहेगी। शादियां कम से कम खर्च पर एवं दिन में ही संपन्न कराए जाने पर जोर दिया गया।

### हत्या के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश, अनुसूचित जाति/ अनुसुसूचित जनजाति (अत्त्याचार निवारण) नरसिंहपुर आलोक मिश्रा के द्वारा हत्या करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी गहलबाडा थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को भादवि की धारा 294 में 3 माह कारावास, भादवि की धारा 302 सहपठित धारा 3(2)(वी) एससीएसटी एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये का अर्थदंड, भादवि की धारा 326 सहपठित धारा 3(2)(वी) एससीएसटी एक्ट में आजीवन कारावास सहपठित अपराध के आलोक में 1000 रुपये अर्थदंड, भादवि की धारा 324 में 1 वर्ष का कारावास, धारा 3(1)(आर) एससीएसटी एक्ट में 1 वर्ष के कारावास व 100 रुपये अर्थदंड और धारा 3(1)(एस) एससीएसटी एक्ट में 1 वर्ष का कारावास व 100 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि दि.28.12.2022 के 2-3 दिन पूर्व अभियुक्त धरमू के पालतू कुत्ते ने रूकमणी मेहरा के घर में रखा आटा खा लिया था, जिसे लेकर अभियुक्त का रूकमणी व उसके पति सुनील से वाद-विवाद हुआ था।

## दुर्गम वनांचल ग्रामों में खेली होली



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने प्रतिवर्ष अनुसार रंगोत्सव का पर्व होली, दुर्गम दुरस्थ पहाड़ो पर बने बनांचल ग्रामो में जाकर आदिवासियो के साथ मनाया। बच्चों को रंग के पैकिट, पिचकारी, मुखोटे, गुब्बारे, होली की टोपियां, प्रदान कर बच्चो के साथ रंग गुलाल डालकर होली भी खेली व वृद्ध आदिवासी माताओं को मच्छर दानी व वस्त्र, रुमाल प्रदान कर गुलाल प्रदान कर होली की शुभकामनाएं प्रदान की तथा ग्राम वासियों के साथ सामूहिक देशी गायन फाग का आनन्द लिया। माताओं, बहनों को भी श्रृंगार सामग्री, गुलाल भेंट किया। बसेड़िया ने बताया कि बच्चो की शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु स्कूल बैग, पठन लेखन सामग्री के साथ वस्त्र भी प्रदान किये। उपरोक्त सेवा में कार्य मे तनुश्री बसेड़िया, कीर्ति विश्वकर्मा, आरती कहार, आरती ठाकुर, सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक संदर्भ समूह का होली मिलन समारोह आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा होली के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह एवं हास्य कवि सम्मेलन का शानदार आयोजन रॉयल पैलेस, सोयाबीन फैक्ट्री के पीछे आज 14 मार्च शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है । जिसमें होली मिलन के साथ-साथ हास्य -व्यंग्य ,श्रृंगार , ओज और अन्य विधाओं के कवियों की शानदार प्रस्तुतियां होंगी । शिक्षक संदर्भ समूह ने सभी शिक्षक साथियों से अपील की है कि सपरिवार, अपने इष्ट मित्रों सहित होली मिलन समारोह में अवश्य पधारे और हास्य की फुलझडियों से भरे इस शानदार कार्यक्रम का आनंद लें।

## लीनेस क्लब संस्कार ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** होली रंगों का त्यौहार है साथ ही मेल मिलाप का भी हर रंग हमें बाहरी रूप से ही नहीं आंतरिक रूप से भी सशक्त और आत्मनिर्भर बनते हैं।

दिव्यांग बच्चे जो हमारे समाज का ऐसा हिस्सा है जिन्हें विशेष देखभाल की जरूरत होती है लीनेस क्लब संस्कार ने इन बच्चों के पास जाकर उनके साथ होली पर्व मनाया ,उन्हें गुलाल, रंग पिचकारी एवं टोपियाॅ प्रदान की स्वल्पाहार फल बिस्किट वितरित करके उनके साथ होली खेली एवं गीत गाए। इससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी ,सचिव मनीषा पुरोहित, कोषाध्यक्ष ज्योति पचोरी एवं नीता शर्मा सुमन शर्मा ,रचना त्रिवेदी, वत्सला त्रिवेदी, बलजीत कौर कुसुम राजपूत, नंदिता चौबे सुषमा मिश्रा, ममता गुप्ता, मनीषा टंडन ,शालू भाटिया का स्कूल संचालक आनंद दुबे राजमणि दुबे और समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## श्री श्याम किशोर सेवा समिति ने दिया नशामुक्ति का संदेश



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** किसी प्रकार के नशे से घर परिवार बर्बाद होता है और व्यक्ति शारीरिक मानसिक रूप से कमजोर हो जाता है। उक्त बात होली पर्व को लेकर पिछले तीन दिनों से श्री श्याम किशोर सेवा समिति के अध्यक्ष श्री बुद्धिप्रकाश विश्वकर्मा ने विभिन्न स्थान पर पंपलेट वितरित करते हुए कही। नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित करते हुए श्री विश्वकर्मा ने कहा कि जरूरत है कि हम सब होली पर भाईचारे के साथ शांति सद्भावना और हर्षोल्लाह के साथ मनाएं। किंतु हमें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना है। वही इस दौरान अनेक लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे नशे का त्याग करेंगे।

## उपकार करो अपकार नहीं : मुनिश्री

**गाडरवारा देशबन्धु।** स्थानीय चावड़ी वार्ड स्थित जैन मंदिर के वीर विद्या नीलय में आस्तिक सागर जी महाराज ने कहा कि इस संसार में यदि जीना है तो सब का उपकार करते चलो। जैन गीता में कहां है कि एक जीव को दूसरे जीव के प्रति उपकार करते रहना चाहिए।



हमारी वाणी ऐसी होनी चाहिए कि किसी भी जीव को दुख न पहुंचे यदि हमारे मुख से कड़वे शब्द निकाल जावे तो हमें आत्मग्लानि करनी चाहिए वा उस जीव के पास जाकर क्षमा याचना करनी चाहिए। जैन धर्म अहिंसा प्रधान धर्म है हिंसा को पहला पाप कहा गया है। हिंसा दो प्रकार की होती है एक द्रव्य हिंसा और दूसरी भाव हिंसा। किसी जीव के प्रति बुरा नहीं सोचे और अंतरंग से भी उसके प्राण का घात हो जाए ऐसा कभी भी नहीं सोचना। उसके प्राणों का घात तो नहीं होतालेकिन हमारे विशुद्ध परिणाम का घात हो जाता है यूं कहें तो हमारे द्वारा हमारे ही आत्महत्या होती है तीव्र कषाय के उदय से चारित्र मोहिनी कर्म का आश्रव होता है और यदि उसे समय आयु कर्म आ गया तो दुर्गति भी हो सकती है । जीवन में प्रयास करो की इच्छाएं कम रहे सभी के प्रति साम्यभाव बना रहे खुश रहे और खुश रखें। इस सॉफ्टवेयर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई

**गाडरवारा देशबंधु।** होली के पूर्व पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही, 209 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त एवं करीबन 800 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट किया। उल्लेखनीय है कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण होली मनाये जाने के लिए अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसी तारतम्य में विगत गुरुवार को पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में 05 पुलिस टीमों के द्वारा मजबूत मुखबिर तंत्र के आधार पर कुचबंदिया मोहल्ला में कुल 13 आरोपीगण के पृथक-पृथक कब्जे से कुल 209 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 20,900 रूपये जप्त करने एवं अवैध शराब के निर्माण हेतु उपयोगी करीबन 800 किलोग्राम महुआ लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की है।समस्त आरोपीगण के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए।

## दैनिक राशिफल

गुरुवार 14 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, नक्षत्र- उ.फा.।

**मेष** - आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ** - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** - आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क** - अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह** - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या** - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला** - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** - आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर** - जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ** - अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन** - आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.

## नगरपालिका द्वारा 229.57 करोड़ रुपया का बजट पारित

# बाजारों को ठेके पर देने का निर्णय



**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगरपालिका सभाकक्ष में नगरपरिषद की साधारण सम्मेलन की बैठक नगरपालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर वैभव देशमुख मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में सहायक लेखा अधिकारी जन्मेजय कौरव द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु कुल 229.57 करोड़ रूपये का बजट प्रस्तुत किया गया।

बजट में आमगांव तिराहे से स्टेशन तक पाथवे निर्माण हेतु 20 करोड़,नालंदा परिसर शापिंग काम्प्लेक्स हेतु 10 करोड़ रूपये,नवीन कार्यालय भवन हेतु 5 करोड़ रूपये, गीता भवन हेतु 15 करोड़ रूपये, स्पोर्टस काम्प्लेक्स हेतु 15 करोड़ रूपये,छिड़ाव घाट से शक्कर नदी पुल तक पाथवे रिटर्निंग बाल 40 करोड़ रूपये आदि विकास कार्यो को प्रस्तावित किया गया।

बजट प्रस्ताव का अनुमोदन परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में निकाय के विकास कार्यो संबंधी प्रस्ताव,साप्ताहिक तथा दैनिक बाजार व्यवस्था,पशु बाजार को ई-निविदा के माध्यम से वार्षिक ठेके पर दिये जाने के संबंध में एवं जलकर की मासिक दरो में बढ़ोत्तरी किये जाने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये जिनको सर्वसम्मति से पारित किया गया।

उक्त बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष जिनेश जैन,पार्षदगण एवं नगरपालिका के समस्त शाखा प्रभारियों की उपस्थिति रही।

## बुनकरों को मिला धागा, चार माह के काम का इंतजाम



**सौसर, देशबन्धु ।** सौसर विधानसभा क्षेत्र के बुनकर परिवार संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरधा विकास निगम में सिल्क एवं कॉटन साड़ी तथा ड्रेस मटेरियल उत्पादन का काम करते आ रहे है।जिन्होंने विधायक विजय चौरे को कपड़ो के उत्पादन हेतु धागा न मिलने पर ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या सांझा की थी।

धागा प्राप्त न होने के कारण माह दिसंबर से समस्त बुनकर बेरोजगार हो चुके थे। जिनके समक्ष जीवन निर्वाह की बड़ी समस्या उत्पन्न हो चुकी थी। नगर सौसर, मोहगांव,लोधीखेड़ा के लगभग 600 से अधिक परिवार इसी बुनाई कार्य पर आश्रित है।

प्रदेश की सरकार सौंसर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध साड़ी और धागे से बनने वाले अन्य वस्त्रों को बंद कर उसके बदले में बुनकरों को अस्पताल में उपयोग की जाने वाली बैंडेज पट्टी का काम देना चाहती थी। जिससे क्षेत्र के सभी बुनकर साथियों में भारी रोष व्याप्त था।

इस समस्या हेतु क्षेत्रीय विधायक विजय चौरे ने विधानसभा प्रश्न लगाकर शासन-प्रशासन पर दबाव बनाया जिसके उपरांत प्रशासन ने आने वाले 4 माह का धागा बुनकरों को प्रदान किया गया हैं।

जिससे बुनकर समाज के लोगो ने विधायक विजय चौरे का धन्यवाद अदा किया हैं।